>

Title: Issue regarding rehabilitation of people caused by flood in Rapti river in Shravasti Parliamentary constituency.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): सभापति महोदय, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र के विषय पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र श्रावस्ती के और जनपद बलरामपुर के विकास खंड जमनाह, इकौना विकास खंड, बलरामपुर विकास खंड, घरैया, सतघरवा विकास खंड, श्रीदत्त गंज और गैसड़ी के तमाम गांव राप्ती नदी की गत बाढ़ में या तो बह गये या विलीन हो गये हैं और वहां के तमाम किसान परिवार, जो गरीब परिवारों से हैं, वे वहां से विस्थापित हो चुके हैं, उनके रहने की वहां कोई जगह नहीं हैं। अभी तक उन्हें तीन हजार रुपये के अलावा कोई सहायता राशि नहीं मिली है। इन्दिरा आवास योजना के तहत उन्हें कोई सहायता नहीं मिली है और उनमें से थोड़े बहुत लोग जो सड़कों पर रहकर अपनी गुजर-बसर कर रहे थे, वहां इंडो-नेपाल और बार्डर एरिया डैवलपमैन्ट की जो सड़क निकल रही है, वह बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन उसके कारण वहां के विस्थापित फिर से विस्थापित हो रहे हैं। लिहाजा भारत सरकार को निर्देश दिया जाए कि उन विस्थापितों का घर विस्थापित न हो तथा वहां से जो इंडो-नेपाल की जो रोड निकल रही है, वह उनके घरों को छोड़ते हुए दूसरी तरफ जो बंधा साइड है, उधर ककरदरी से लेकर जमनाह तक छगरगांव-मुरैला से निकाली जाए, जिससे किसानों का विस्थापन न हो।

सभापति महोदय :

श्री पी.एल.पुनिया जी को उपरोक्त विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।